Regarding declaration of National Highway to the Samba Udhampur Road and upgrading it to four lane

श्री जुगल किशोर **(जम्मू):** अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद ।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का और विशेष तौर पर रोड और ट्रांसपोर्ट मंत्रालय का ध्यान अपने क्षेत्र में स्थित साम्बा जिले की ओर ले जाना चाहता हूं । साम्बा से उधमपुर की तरफ जाने वाली जो रोड है, उसकी हालत बहुत खस्ता हो गई है । वहां लोगों का बहुत ज्यादा आना-जाना लगा रहता है, जिसके कारण वहां हैवी ट्रैफिक रहता है । खराब सड़क होने की वजह से वहां बहुत ज्यादा एक्सीडेंट्स हो रहे हैं । कई कीमती जानें जा चुकी हैं ।

अध्यक्ष महोदय, मेरी आपके माध्यम से सरकार से यह प्रार्थना है कि साम्बा से उधमपुर तक की जो रोड है, उसे नेशनल हाईवे का दर्जा दिया जाए और उसे फोर-लेन बनाने का कार्य प्रारंभ किया जाए ।

धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष **:** श्री राम शिरोमणि वर्मा ।

(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** आप शायद बातें कर रहे होंगे, इसलिए, आपको अपना नाम सुनाई नहीं दिया ।

(व्यवधान)